माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 494/06/एके0/MSU/2023–24 दिनांकः 02-12-23

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

विषय –स्नातक तृतीय सेमेस्टर (बी0ए0, बी0एस–सी0 एवं बी0कॉम0) में प्रवेशित छात्रों को माईनर, वोकेशनल/स्किल डेवलेपमेंट, को–कुरिकुलर एवं पंचम सेमेस्टर में प्रवेशित छात्रों को को–कुरिकुलर एवं शोध परियोजना आदि विषयों के आवंटन के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या –1473/12/प्रवेश/MSU/2023–24, दिनांक : 31.10.2023 एवं 1524/06/एके0/MSU/2023–24, दिनांक : 20.11.2023 का संदर्भ ग्रहण का कष्ट करें, जिसके द्वारा तृतीय सेमेस्टर में प्रवेशित छात्रों को माईनर, वोकेशनल/स्किल डेवलेपमेंट, को–कुरिकुलर एवं पंचम सेमेस्टर में प्रवेशित छात्रों को को–कुरिकुलर एवं शोध परियोजना आवंटित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि प्रवेश पोर्टल दिनांक : 05.12.2023 से दिनांक : 08.12.2023 तक महाविद्यालयों हेतु खुला रहेगा। अतः समस्त महाविद्यालय बी0ए0, बी0एस–सी0 एवं बी0कॉम0 पाठ्यक्रम के तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के छात्रों को आवंटित मेजर विषय (जिन विषयों में विकल्प उपलब्ध है) से विकल्प का चुनाव, माईनर विषय, वोकेशनल/स्किल डेवलेपमेंट, को–कुरिकुलर एवं शोध परियोजना विषय पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें, जिससे प्रवेशित छात्रों के परीक्षा फार्म अतिशीघ्र भराये जा सके। सूच्य है कि विषम सेमेस्टर की परीक्षायें दिसम्बर, 2023 माह के द्वितीय पक्ष में प्रस्तावित हैं।

भवदीय

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. प्रवेश समन्वयक।
02. परीक्षा नियंत्रक।
03. उपकुलसचिव।
04. प्रभारी (परीक्षा/गोपनीय)।
05. अधिकृत प्रतिनिधि अथर्वा सिस्कॉम, प्रा0 लि0 कम्पनी।
06. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

कुलसचिव